मूल्य : एक रुपया

www.kay2steel.com

# स्टील टाइम्स

MAY, 2016

KAY2 STEEL LIMITED की गृह पत्रिका, वर्ष–1, अंक–01

E mail: info@kay2steel.com

follow us on

## उत्कृष्ट निर्माण है Kay2 टीएमटी की पहचान

KAY2 500

प्रिय मित्रों,

मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि KAY2 टीएमटी रिबार को आज भारत के सर्वोत्तम क्वालिटी के टीएमटी रिबार के रूप में पहचाना जाने लगा है। देश के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अपनी धाक जमा चुके KAY2 टीएमटी रिबार की रिटेल उपभोक्ताओं से लेकर बड़े–बड़े बिल्डर्स के बीच भारी माँग है। कंपनी भी देश के विभिन्न बाज़ारों को अपने मार्केटिंग नेटवर्क के दायरे में लाते हुये लगातार अपनी बाज़ार हिस्सेदारी को बढ़ा रही है।

KAY2 टीएमटी रिबार की निर्माता कंपनी KAY2 Steel Limited के निदेशक के रूप में मेरा सपना यही रहा है कि भारत विकास के मामले में किसी से पीछे ना रहे और यहाँ भी सदियों तक टिके रहने वाली अटूट इमारतें और इंफ्रास्ट्रक्चर्स का निर्माण हो।

एह बहुत ही अफसोस की बात है कि भारतीय उपभोक्ताओं का एक बड़ा हिस्सा आज भी लोकल मेड सरियों का इस्तेमाल कर भवन निर्माण करवा रहा है। पुराने जमाने के तकनीकों और सस्ते रॉ–मैटेरियल से निर्मित ऐसे सरियों की भौतिक और रासायनिक गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं होती है। जिससे इनसे हुआ निर्माण न बहुत टिकाऊ होता है और ना ही भूकंप से सुरक्षा दे पाता है। हमें यह स्थिति बदलनी है। हमें ऐसा भारत बनाना है जिसका हर इमारत पूर्णतः सुरक्षित हो। इसी सोच के साथ KAY2 Steel Limited अपनी पूरी क्षमता से देश भर के उपभोक्ताओं को भूकंपरोधी निर्माण हेतु उपयुक्त सुनिश्चित गुणवत्ता वाले के टीएमटी रिबार को उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है।

निर्माण की मज़बूती के लिये बेहतरीन टीएमटी रिबार की आवश्यकता को पूरा करने के लिये KAY2 बीआईएस के मानक के अनूरूप अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित सर्वोत्तम गुणवत्ता के 500 एवं 500D टीएमटी रिबार उपलब्ध कराता है। KAY2 टीएमटी रिबार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निर्माण प्रक्रिया के हर चरण पर क्वालिटी कंट्रोल पर पूरा ध्यान दिया जाता है। रॉ–मैटेरियल हो या निर्माण तकनीक या फिर क्वालिटी कंट्रोल, प्रोडक्शन के हर स्तर पर उत्कृष्टता और श्रेष्ठता KAY2 की कार्यप्रणाली में शामिल है। KAY2 Steel Limited के सभी टीएमटी उत्पाद न केवल बीआईएस मानकों के अनुरूप है बल्कि उससे भी अधिक अच्छी क्वालिटी देते हैं।

यह कहना ग़लत नहीं होगा कि, उत्कृष्ट भवन निर्माण हेतु आधुनिक इंजीनियरिंग की आवश्यकता के अनुसार निर्मित KAY2 ने भारतीय निर्माण क्षेत्र में क्रांति ला दी है। आज उत्कृष्ट निर्माण KAY2 Steel Limited की पहचान चुकी गई है। उपभोक्ताओं का भरोसेमंद KAY2 ब्रांड के अंतर्गत टीएमटी रिबार की 8 एमएम से लेकर 32 एमएम तक की हर साइज का रेंज मौजूद है।

KAY2 Steel Limited की भावी रणनीतियों मे देश भर में अपनी बाज़ार हिस्सेदारी को मज़बूती देना शामिल है। कंपनी को देश भर में मिल रही सफलता को देखते हुये कंपनी ने मार्केटिंग नेटवर्क को और भी अधिक मज़बूत बनाने की ओर क़दम बढ़ाये हैं, जिससे कि भारत भर के बाज़ारों में KAY2 टीएमटी उत्पाद आसानी से उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो सके।

नये वित्तवर्ष के साथ ही पिछले कुछ सालों से चली आ रही धीमी अर्थव्यवस्था और सुस्त विकास दर से उबरते हुये निर्माण सेक्टर ने बेहतरी के संकेत देने शुरू कर दिये हैं। बेहतर मानसून की भविष्यवाणी को देखते हुए कृषिप्रधान भारत में निर्माण सामग्री सेग्मेंट का भविष्य भी बेहतर दिख रहा है। भारतीय इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में भी वित्तवर्ष 2016–17 बेहतर गतिशीलता और नई आशा लेकर आया है। इसके फलस्वरूप टीएमटी की माँग और खपत में भी तेजी आनी स्वाभाविक है।

मित्रों, एक उत्तरदायी कंपनी के रूप में उपभोक्ताओं तथा डीलरों को आधुनिक और बेहतर KAY2



**श्री सुनील अग्रवाल**
(निदेशक)

**देश के विकास को नये पंख लगायें**
**समृद्धि के संकल्प को दिल से दोहरायें**
**सुरक्षित निर्माण के मजबूत आधार पर**
**आइये समृद्ध भारत की खुशियाँ मनायें**

**समस्त भारतवासियों को Kay2 की ओर से नये वित्तवर्ष की शुभकामनायें!**

टीएमटी उत्पादों की जानकारी देने के लिये हमने यह त्रैमासिक पत्रिका **''स्टील टाइम्स''** लॉंच की है। हमारा प्रयास है कि नये वित्तवर्ष में अपने उत्कृष्ट उत्पादों के माध्यम से समृद्ध हो रहे भारत की मज़बूत आधारशिला रखने के हमारे अभियान को और भी गति मिले और **''स्टील टाइम्स''** की शुरूआत भी इसी दिशा में एक क़दम है।''

आपका अपना
**सुनील अग्रवाल**, निदेशक
KAY2 Steel Limited

# KAY2 डीलर्स के समक्ष हैं तेज विकास के अवसर



KAY2 Steel Limited आधुनिक इंजीनियरिंग की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये सर्वोत्तम KAY2 टीएमटी रिबार का निर्माण और भारतीय बाज़ार में वितरण करती है। देश के कई बाज़ारों में KAY2 टीएमटी रिबार की अच्छी पकड़ बन चुकी है। KAY2 टीएमटी रिबार की अच्छी गुणवत्ता और जबरदस्त भूकंपरोधी क्षमता की वज़ह से यह रिटेल तथा थोक दोनो ही प्रकार के उपभोक्ताओं द्वारा पसंद किया जा रहा है।

राजस्थान में KAY2 टीएमटी रिबार की बाज़ार हिस्सेदारी पिछले कुछ समय से बहुत ही तेजी से बढ़ रही है। कई स्थापित ब्रैंड्स और बहुत सारे लोकल कंपनी के सरिया की मॉग को पछाड़ते हुये KAY2 टीएमटी उत्पाद राज्य के भवन निर्माताओं के बीच लोकप्रियता हासिल करने में सफल रहे हैं। KAY2 Steel Limited की इस सफलता में राजस्थान के डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स की बड़ी भूमिका रही है। राज्य भर के बाज़ारों में KAY2 टीएमटी उत्पादों की उपलब्धता को सुनिश्चित करते हुये इनकी मॉग में और भी अधिक वृद्धि लाने के उद्येश्य से जयपुर के होटल होलीडे इन में डीलर्स मीट का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर KAY2 Steel Limited के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल के साथ सुश्री कविता मिश्रा एवं श्री पुनीत सिंह अरोड़ा सरीखे कंपनी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी बैठक में शामिल होने के लिये जयपुर आये। फ्रेंचाइजी एग्रीमेंट के आधार पर राज्य में KAY2 टीएमटी रिबार की निर्माता कंपनी मेसर्स लक्ष्मणवीर स्टील प्रा. लि. के प्रोमोटर श्री शिव कुमार गोयल भी बैठक में उपस्थित हुये। कार्यक्रम के आयोजन में KAY2 Steel Limited के आपरेशन हेड राजस्थान श्री अनिरूद्ध जोशी एवं राजस्थान के अन्य अधिकारीगण श्री अमित शर्मा, श्री मानसिंह राजावत, श्री सुरेश कुमार भारद्वाज आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

इस डीलर मीट में भाग लेने के लिये राज्य के कोने–कोने से 175 से अधिक डीलर्स व डिस्ट्रीब्यूटर्स होटल होली डे इन पहुॅचे। कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने दिन के 11.30 बजे सबों से अनौपचारिक रूप से मुलाक़ात की। इसके बाद 12 बजे से सभी KAY2 डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ हेड ऑफिस तथा राज्य के पदाधिकारियों की औपचारिक बैठक शुरू हुई। बैठक के बाद 2 बजे प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें देश भर के सभी प्रमुख अखबार और चैनलों के रिपोर्टर भाामिल हुये। श्री सुनील अग्रवाल, श्री शिव कुमार गोयल ने KAY2 Steel Limited के कारपोरेट सिद्धांतों और राज्य में कंपनी की आगामी विस्तार योजनाओं के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवालों का जवाब दिया।

शाम छह बजे से गणेश वंदना के साथ समारोह की शुरूआत हुई। KAY2 अधिकारियों ने उपस्थित डीलर्स को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान सुश्री कविता मिश्रा ने पावर प्वाइंट प्रजेनटेशन के माध्यम से KAY2 Steel Limited एवं इसके विभिन्न टीएमटी उत्पादों से जुड़ी जानकारी दी।

निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने समारोह के दौरान डीलर्स व डिस्ट्रीब्यूटर्स को कंपनी की आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुये कहा, ''KAY2 टीएमटी रिबार आज भारतीय निर्माण सामग्री बाज़ार में अपनी गुणवत्ता के कारण पहचान पा चुका है। इस सफलता से उत्साहित होकर कंपनी अब KAY2 टीएमटी उत्पादों के मैन्यूफैक्चिरिंग और डिस्ट्रीब्यूशन को विस्तार देने की प्रक्रिया में है। साथ ही हम कुछ नये उत्पादों को भी जल्द ही लॉच करने वाले हैं। इस तेज रफ्तार से होने वाले विस्तार के साथ जो अधिकारी, डिस्ट्रीब्यूटर और डीलर अपनी गति बरकरार रख पायेंगे उन सभी के लिये यह कंपनी के साथ–साथ काफी आगे निकल पाने का अवसर है।''



# KAY2 टीएमटी का निर्माणकर्मियों के साथ जागरूकता संवाद




निर्माण सामग्री सेक्टर की उभरती हुई कंपनी KAY2 Steel Limited निर्माण क्षेत्र में अपना सक्रिय योगदान देने के लिये जानी जाती है। तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में विकास कर रहे भारत में अच्छी गुणवत्ता के मज़बूत निर्माण को सुनिश्चित करने के लिये कंपनी समय–समय पर निर्माणकर्मियों के लिये बैठकों का आयोजन करती रहती है, जिसे जागरूकता संवाद के नाम से जाना जाता है।

इसी कड़ी में कंपनी ने राजस्थान के श्रीगंगानगर ज़िले के पदमपुर में एक मैसन मीट का आयोजन किया। पदमपुर के डीलर मेसर्स जिंदल एग्रो सर्विस के प्रोपराइटर श्री सुशील जिंदल ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अच्छा योगदान दिया। श्रीगंगानगर के **KAY2** डिस्ट्रीब्यूटर श्री रचित चितलांगिया भी इस बैठक में शमिल हुये। KAY2 Steel Limited के आपरेशन हेड – राजस्थान श्री अनिरूद्ध जोशी के साथ श्री योगेश शर्मा एवं श्री मनोज इस बैठक में कंपनी की ओर से उपस्थित हुये। बैठक में पदमपुर और आस–पास के क्षेत्र के 72 ठेकेदारों एवं राजमिस्त्रियों ने भाग लिया।

**KAY2** टीएमटी रिबार के निर्माण की बेहतरीन तकनीक पर प्रकाश डालते हुये श्री अनिरूद्ध जोशी ने कहा, ''KAY2 Steel Limited एक प्रसिद्ध कंपनी है जहाँ क्वालिटी को बहुत ही अधिक महत्व दिया जाता है। कंपनी अत्याधुनिक तकनीक द्वारा सुनिश्चित गुणवत्ता के बिलेट का प्रयोग कर **KAY2** टीएमटी रिबार का निर्माण करती है। इस कारण **KAY2** टीएमटी रिबार रासायनिक और भौतिक गुणों में अन्य ब्रांड से ऊपर है। उपभोक्ता को विश्वस्तरीय क्वालिटी मिल सके, इसीलिये **KAY2** टीएमटी रिबार को भारतीय मानकों के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार निर्मित किया जाता है।''

इस बैठक में शामिल हुये सभी ठेकेदार एवं राजमिस्त्री **KAY2** टीएमटी रिबार के बारे में जानकारी पाकर बहुत खुश हुये और उन्होंने **KAY2** टीएमटी रिबार का ही उपयोग करने का वादा किया।

इसी कड़ी में मज़बूत तथा भूकंपरोधी निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता संवाद का आयोजन करते हुए निर्माण क्षेत्र से जुड़े राजमिस्त्रियों और ठेकेदारों को आधुनिक और बेहतर निर्माण हेतु बेहतर गुणवत्ता वाले **KAY2** टीएमटी रिबार के अधिकाधिक उपयोग करने के लिये प्रोत्साहित करने के लिए कंपनी ने पंजाब के फगवाड़ा एवं होशियारपुर ज़िले में स्थानीय डीलर्स के सक्रिय सहयोग से दो मैसन मीट का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में फगवाड़ा एवं होशियारपुर के **KAY2** स्टील डिस्ट्रीब्यूटर भी मौजूद थे। दोनों ही मैसन मीट में आप–पास के क्षेत्र में निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार और राजमिस्त्री बड़ी संख्या में जोशोखरोश से शामिल हुये। कंपनी की ओर से सेल्स तथ क्वालिटी डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने इस जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया और बैठक में उपस्थित ठेकेदारों एवं राजमिस्त्रियों को कंपनी के बारे में जानकारी दी।

कंपनी के अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को **KAY2** टीएमटी उत्पादों के उच्चस्तरीय तकनीक और बेमिसाल गुणवत्ता के बारे में अच्छी तरह बताया। ठेकेदारों व राजमिस्त्रियों से भूकंप के खतरों से सुरक्षित मकान बनाने की सलाह देते हुये **KAY2** अधिकारी ने कहा, ''आजकल भूकंप की घटनायें लगातार हो रही है। आप सब को मकान बनाते हुये इस बात को ध्यान रखना चाहिये कि अगर मकान में अच्छी क्वालिटी का सरिया न लगा हो तो वह मक़ान भूकंप में टिका नहीं रह सकता है। पर अगर आप **KAY2** टीएमटी रिबार का उपयोग करेंगे तो भूकंप का डर नहीं रहेगा। श्रेष्ठ भूकंप प्रतिरोधक गुणों की वज़ह से **KAY2** टीएमटी रिबार मकानों को भूकंप के बड़े झटकों से भी सुरक्षा देता है।''

पंजाब के निर्माणकर्मियों के बीच **KAY2** टीएमटी उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में ये दोनों कार्यक्रम बेहद सफल रहे।




Kay2 Knight



श्री एस. एम. रुद्रियान – डिस्ट्रीब्यूटर
मेसर्स शिवा स्टील, कर्नाटक

श्री एस. एम. रुद्रियान **KAY2** के उन योद्धाओं में से हैं जिन्हें हर परिस्थिति में सफलता की सीढ़ी चढ़नी आती है। श्री रुद्रियान के अनुसार **KAY2** से जुड़ने के बाद से न सिर्फ उनकी आर्थिक स्थिति बल्कि सामाजिक रुतबे में भी बढ़ोतरी हुई है, साथ ही **KAY2** से जुड़ने के बाद कार्यशैली में पेशेवर बदलाव भी साफ झलकता है। इन जैसे कर्मठ सहयोगी का साथ **KAY2 Steel** के लिए भी प्रसन्नता की बात है। श्री एस. एम. रुद्रियान अपनी इस तरक्की का श्रेय **KAY2** के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल को देना नहीं भूलते। इनके अनुसार 'श्री सुनील अग्रवाल की कार्यशैली सकारात्मकता से भरी हुई है **KAY2** के साथ काम जुड़ कर न सिर्फ व्यवसायिक रूप से बल्कि जीवन में भी लगन, धैर्य और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की मुझे प्रेरणा मिली है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में जो सफलता मैने पायी है यह बिना कम्पनी के सहयोग से सम्भव नही होती। कर्नाटक के दवांगिरि, चिकमंगलूर, चित्रदुर्गा, गदग और मैसूर तथा आसपास के क्षेत्रों में **KAY2** का उपयोग बढ़ने से यहां अधिक मज़बूत मकान बन रहें है इस बात की गुझे खुशी है।'

# थाइलैंड में लहराया KAY2 टीएमटी का परचम



उत्कृष्ट भवन निर्माण हेतु आधुनिक इंजीनियरिंग की आवश्यकता के अनुसार निर्मित KAY2 टीएमटी रिबार भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अपनी धाक जमा चुका है। अपनी उत्पाद श्रृंखला के अंतर्गत KAY2 बीआईएस के मानक के अनुरूप अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित सर्वोत्तम गुणवत्ता के 500 एवं 500D टीएमटी रिबार उपलब्ध कराता है। विभिन्न शोध एवं तकनीकी परीक्षण के अनुसार यह पाया गया है कि KAY2 टीएमटी रिबार अपने भौतिक और रासायनिक गुणों में बीआईएस मानक में दिये गये मानदंडों से भी बेहतर है और विश्वस्तरीय मानक के अनुरूप है। इस प्रकार विश्वस्तरीय गुणवत्ता के टीएमटी रिबार को भारत में पेश करते हुये KAY2 ने भारतीय निर्माण क्षेत्र में क्रांति ला दी है।

रिटेल उपभोक्ताओं से लेकर बड़े–बड़े बिल्डर्स का विश्वास जीत चुके KAY2 टीएमटी रिबार की भारत के कोने–कोने में भारी मॉग है। उपभोक्ताओं का भरोसेमंद KAY2 ब्रैंड के अंतर्गत टीएमटी रिबार की 8 एमएम से लेकर 32 एमएम तक की हर साइज का रेंज मौजूद है। कंपनी को देश भर में मिल रही सफलता को देखते हुये कंपनी ने मार्केटिंग नेटवर्क को और भी अधिक मज़बूत बनाने की ओर क़दम बढ़ाये हैं, जिससे कि भारत भर के बाज़ारों में KAY2 टीएमटी उत्पाद आसानी से उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो सकें।

इस दिशा में कंपनी ने KAY2 पदाधिकारियों और KAY2 डिस्ट्रीब्यूटर्स को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिये थाईलैंड में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। थाईलैंड के होटल रॉयल क्लिफ में इस शानदार कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें KAY2 के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल एवं श्री सचिन अग्रवाल भी उपस्थित थे। इस आयोजन के पीछे एक ओर तो KAY2 की सफलता का जश्न मनाने का उद्येश्य था वहीं इस मौक़े का उपयोग कंपनी की नई बाज़ार रणनीति तय करने के लिये भी किया गया।

थाई ड्रमर्स द्वारा नगाड़ों की थाप पर फ्लैग डांस पेश करते हुये इस तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस अवसर पर अपने संबोधन में कंपनी के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल ने कहा कि ''थाईलैंड के इन कलाकारों द्वारा पेश किये गये फ्लैग डांस को देख कर मुझे ऐसा लगा रहा है जैसे आने वाले समय में ना सिर्फ भारत भर में बल्कि विदेश के बाज़ारों में भी KAY2 का परचम लहराने वाला है। हमने आज तक जो सफलता अर्जित की है उसे हमें बस एक शुरूआत समझनी चाहिये। हमें मिलकर हर ऊॅचाई को छूना है और KAY2 ब्रैंड को आसमान की बुलंदी पर पहुॅचाना है।

थाईलैंड की धरती पर आयोजित इस कार्यक्रम में KAY2 पदाधिकारियों और KAY2 डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिये विश्वप्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर श्री पी एस राठौड के सत्र का भी आयोजन किया गया। 29 नवंबर को श्री पी एस राठौड़ के साथ पूरे दिन के सत्र ने KAY2 अधिकारियों और KAY2 डिस्ट्रीब्यूटर्स को नई ऊर्जा से भर दिया। अगले दिन 30 नवंबर को नये मोटिवेशल आइडियाज पर एक पार्टीसिपेटरी सत्र आयोजित किया गया जिसमें सभी ने पूरे उत्साह से भागीदारी की। इन दिनों शाम के समय थाईलैंड गयी टीम ने मौज–मस्ती से भरी पूल पार्टी की और बैंकाक की सैर का आंनद उठाया। थाईलैंड में काफी अच्छा समय गुजार कर पूरी टीम नई उम्मीदों एवं हौसलों के साथ भारत लौटी।

